Rajasthan Patrika

Delhi - Feb 10, 2020

Page No: 2
Page Name: Delhi
Size: 226 sq. cm
AVE: INR 317,134

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 112,000
Frequency: Daily

News monitored for: Force Motors
Title: SUV in trend at Auto Expo-2020

कई इलेक्ट्रीक वाहनों का वर्ल्ड प्रीमियर

ऑटो एक्सपो-2020 में एसयूवी का दबदबा

नई दिल्ली @ पत्रिका. ऑटो एक्सपो 2020 में कई कारें लॉन्च की गई। दुनिया भर के कार निर्माताओं की कारों ने यहां जलवा बिखेरा। लेकिन शो में इस बार भी एसयूवी गाड़ियां का दबदबा रहा। मारुति की इलेक्ट्रीक कूपे से लेकर फोर्स गुर्खा ने दर्शकों को अकर्षित किया।

ई-टिकट लेकर पहुंचे दर्शकों पर चलाई लाठियां

ग्रेटर नोएडा. ऑटो एक्स्पो में शनिवार को पब्लिक की एंट्री के पहले दिन ही सारी व्यवस्थाएं बेपटरी हो गईं। ई-टिकट लेकर पहुंचे दर्शकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे तक सैकड़ों लोग लाइन में लग चुके थे। टिकट स्कैनर मशीन खराब हो गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने लाइन में लगे लोगों को प्रिंटआउट लेकर आने के लिए कहा। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। नारेबाजी से सीआइएसएफ जवान भी आपा खो बैठे। लाइन में लगे दर्शकों पर लाठियां बरसा दी।

ज्यादा पावर के साथ आई नई रेनो डस्टर

रेनो की नई डस्टर अब ज्यादा पावरफुल और लेटेस्ट इंजन के साथ एक्सपो में पेश की है। कंपनी ने बताया कि रेनो डस्टर अब 1.3 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आएगी। इस इंजन में टर्बोचार्जिंग और डायरेक्ट इंजेक्शन जैसे फीचर्स होंगे।

फोर्स गुर्खा कस्टमाइज्ड

एक्सपो में ऑफ-रोडर फोर्स की गोरखा दर्शकों के बीच चर्चा का विषय रही। इसका टॉल स्टांस, बड़े बंपर, व्हील आर्क क्लैडिंग और चौड़ी गुर्खा ग्रिल पर राउंड प्रोजेक्टर हेडलैंप्स अच्छा लुक दे रहे हैं।

इवोल्ट हॉक लॉन्च

स्पोर्ट्स इलेक्ट्रीक बाइक इवोल्ट हॉक भी एक्सपो में चर्चा का विषय रही, कंपनी ने इसमें 3केडब्ल्यू की बड़ी बैटरी दी है।

रेट्रो स्टाइल स्कूटर

एक्सपो में ओडिशा के एक स्टार्टअप ईवी ने अपना नया रेट्रो स्टाइल इलेक्ट्रीक स्कूटर लॉन्च किया। यह सिंगल चार्ज में 120 किमी चलने की क्षमता रखता है।

© Rajasthan Patrika